इंदौर | बुधवार | 4 फरवरी 2026 | वर्ष 66 | अंक 12 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




# ट्रेड डील धैर्य का परिणाम : मोदी

## संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी का स्वागत



**नई दिल्ली, 03 फरवरी. संसद भवन परिसर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत और सम्मान किया गया. यह सम्मान सोमवार रात भारत और अमेरिका के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते यानी ट्रेड डील की सफलता के लिए किया गया. इस मौके पर पीएम मोदी को बड़े नेताओं ने माला पहनाया और भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे भी लगाए.**

किरेन रिजिजू ने सांसदों को इस डील के बारे में बताते हुए कहा कि इस डील के होने से देश में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया है. बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आलोचना के बाद भी हमने धैर्य रखा और उसी धैर्य का अच्छा परिणाम निकला. देश के लिए एक अच्छा माहौल तैयार हुआ. पीएम ने सभी सांसदों से अपील की कि वे एकजुट होकर देशहित में काम करें और विकास की गति को और तेज करें. इस डील को लेकर एनडीए गठबंधन के नेताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला और सभी ने एनडीए गठबंधन की मजबूती और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति पूर्ण विश्वास को एक बार फिर से दोहराया. कहा जा सकता है कि बजट सत्र के बीच हुई इस डील और उसके बाद ही इस बैठक ने सत्तापक्ष में नई ऊर्जा का संचार कर दिया है. इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा आदि मौजूद थे.

### डॉलर के मुकाबले रुपया 129 पैसे मजबूत

भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 साल की सबसे बड़ी बढ़त के साथ 90.20 के स्तर पर ओपन हुआ. यह तेजी अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील के ऐलान के कारण हुई है. आरबीआई के अनुसार डॉलर के मुकाबले रुपया 90.45 पर बंद हुआ. वहीं 129 पैसे रुपया मजबूत हुआ.

### किस देश पर कितना टैरिफ

| | |
|---|---|
| रूस | 50% |
| ब्राजील | 30% |
| मलेशिया | 22% |
| पाकिस्तान | 21% |
| बांग्लादेश | 20% |
| ईयू | 15% |

### अमित शाह ने व्यापार समझौते को बताया ऐतिहासिक



गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, पियूष गोयल समेत कई दिग्गज नेताओं ने व्यापार समझौते पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. एक तरफ जहा शाह ने इस समझौते पर खुशी जताते हुए इस दिन को भारत-अमेरिका के लिए खास बताया. साथ ही उन्होंने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करेगा और पारस्परिक विकास की राह बनाएगा. तो दूसरी ओर भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नवीन ने युवाओं के लिए अवसर बताया.

### पीएम मोदी की स्पीच की प्रमुख बातें

- सभी सांसद सदन में मौजूद रहे, चर्चा में हिस्सा लें.
- बजट की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाने, उनको बताएं.
- अब मैन्यूफैक्चरिंग बढ़े और क्वालिटी प्रोडक्ट बनाए.
- आज वर्ल्ड ऑर्डर भारत के पक्ष में ट्विस्ट हो रहा है.
- पीएम ने केरल से राज्यसभा सांसद सदानंद मास्टर का जिक्र किया कि एक कार्यकता का का ये बलिदान है कि उनका पैर काट दिया गया.
- बजट अगले 25 साल को ध्यान में रखकर बनाया गया है. सांसद इस बारे में जनता को बताएं.
- पीएम ने राजनीतिक परिस्थितियों का भी जिक्र किया और कहा कि देशभर में बहुत छोटे छोटे दल ऐसे हैं, जो हमारे साथ आ रहे हैं ये तादात 50 फीसदी से भी अधिक है.


### जल्द आएगा भारत-अमेरिका का साझा बयान

भारत और अमेरिका के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते को धरातल पर उतारने के लिए केंद्र सरकार ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है. रिपोर्ट के अनुसार, भारत सरकार अब उन आधिकारिक दस्तावेजों को तैयार करने की प्रक्रिया में जुट गई है. रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देश बहुत जल्द इन आधिकारिक दस्तावेजों का आदान-प्रदान करेंगे. इन दस्तावेजों में प्रस्तावित टैरिफ कटौती की विस्तृत रूपरेखा और उन विशिष्ट उत्पादों की सूची शामिल होगी, जिन्हें इस समझौते का सीधा लाभ मिलने वाला है.

**ट्रेड डील से शेयर बाजार में 'दिवाली':** शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही. संसेक्स में 2073 अंक (2.54 प्रतिशत) बढ़कर 83,739 पर बंद हुआ. निफ्टी में 639 अंक (2.55 प्रतिशत) की तेजी रही, ये 25,728 पर बंद हुआ. रियल्टी, मेटल और फार्मा शेयर में सबसे ज्यादा खरीदारी

### भारत ने तेल खरीदने से मना नहीं किया : रूस

**मॉस्को, 03 फरवरी.** रूस ने मंगलवार को कहा कि भारत की तरफ से उसे रूसी तेल की खरीद रोकने को लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है. यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ एक बड़े व्यापार समझौते का ऐलान किया था और दावा किया था कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है. क्रेमलिन के प्रवक्त दिमित्री पेस्कोव ने साफ शब्दों में कहा कि मॉस्को को दिल्ली की तरफ से इस विषय पर कोई औपचारिक संदेश नहीं मिला है. पेस्कोव ने कहा, अब तक हमें भारत की तरफ से रूसी तेल खरीद बंद करने को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है. उन्होंने यह भी कहा कि रूस भारत के साथ अपने रणनीतिक साझेदारी संबंधों को आगे बढ़ाना चाहता है और दोनों देशों के सहयोग को बहुत अहम मानता है.




22 वर्षीय स्पेनियर्ड ने अपना पहला ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता, करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने!

## 8 विपक्षी सांसदों को निलंबित करने पर कांग्रेस सांसदों का प्रदर्शन

- राहुल गांधी और प्रियंका ने किया प्रदर्शन
- लोकसभा की कार्यवाही के दूसरा दिन भी रहा हंगामेदार



**नई दिल्ली, 03 फरवरी. संसद के बजट सत्र में मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही लगातार दूसरे दिन हंगामेदार रही. नेता विपक्ष राहुल गांधी के भाषण पर मंगलवार को भी हंगामा हुआ. इस बीच स्पीकर पर कुछ सांसदों ने पेपर भी उछाले, स्पीकर पर पेपर उछालने वाले 8 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया है.**

निलंबन के खिलाफ राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने संसद के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया. इससे पहले भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार पर निशाना साधने की कोशिश कर रहे कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने मंगलवार को लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की बैठक शुरू होने के कुछ मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई. फिर कार्यवाही शुरू हुई तो हंगामा जारी रहा. इसके बाद सदन की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी गई. इसके बाद राहुल गांधी 2 बजे बोलने के लिए खड़े हुए और फिर उन्होंने चीन का मुद्दा उठाया. इस पर किरण रिजिजू ने आपत्ति जताई और राहुल गांधी को बोलने से रोका गया. हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया.

### एक नजर में



**युमनाम खेमचंद सिंह होंगे मणिपुर के नए सीएम**

**इंफाल.** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में युमनाम खेमचंद सिंह नए सीएम होंगे. मंगलवार को मणिपुर लेजिस्लेटिव पार्टी की बैठक में भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह को विधायक दल का नेता चुना गया. इस बैठक में पूर्व सीएम एन बीरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे. बीजेपी प्रभारियों की मौजूदगी में नेता का चुनाव किया. मणिपुर के तत्कालीन मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने 9 फरवरी, 2025 को इस्तीफा दिया.

**आकाशीय बिजली गिरने से जिंदा जला युवक**

**शिवपुरी.** जिले के अमोला थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलानगर गांव में मंगलवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से 26 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई. वीर सिंह आदिवासी अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ खेत पर बनी झोपड़ी में रहता था. सोमवार रात 9 बजे परिवार ने भोजन किया और झोपड़ी में सो गया. रात 12 बजे के बाद मौसम अचानक बदला और रुक-रुक कर बारिश होने लगी. मंगलवार सुबह आज करीब 5 बजे तेज आकाशीय बिजली सीधे झोपड़ी पर गिर गई. जिससे वीर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई.

## उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

- जोफड़-रामनगर इलाके में ऑपरेशन जारी
- जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं आतंकी

**श्रीनगर, 03 फरवरी. जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के जोफड़-रामनगर और मजलता क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है. सुरक्षाबल मौके पर पूरी तैयारी के साथ मौजूद हैं और हालात पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं.**

जानकारी के मुताबिक, यह आतंकी समूह पहले तीन आतंकियों का था. दिसंबर के तीसरे सप्ताह में इस ग्रुप से जुबैर नाम का आतंकी अलग हो गया था. अब इस मुठभेड़ में ग्रुप के बाकी दो आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है. सूत्रों के अनुसार, घिरे हुए दोनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े हुए हैं. सुरक्षा एजेंसियों को उनकी मौजूदगी की पुख्ता खुफिया जानकारी मिली थी. उधमपुर के मजलता इलाके में सेना और अन्य सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र को चारों तरफ से घेर लिया है. आतंकियों को पकड़ने या ढेर करने के लिए सघन तलाशी और सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है. यह पूरा अभियान खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया जा रहा है.

## बंगाल में ईडी की 12 ठिकानों पर छापेमारी

- कोयला खनन घोटाले में ताबड़तोड़ कार्रवाई
- अवैध व्यापार और काले धन के नेटवर्क में खलबली

**कोलकाता, 03 फरवरी. प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में अवैध कोयला खनन और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. कोलकाता सहित सूबे के 12 ठिकानों पर एक साथ चल रही इस छापेमारी ने अवैध व्यापार और काले धन के नेटवर्क में खलबली मचा दी है.**

ईडी ने पश्चिम बंगाल में अवैध कोयला खनन और उसकी तस्करी के खिलाफ अपना शिकंजा और कस दिया है. मंगलवार सुबह केंद्रीय एजेंसी की टीमों ने कोलकाता सहित राज्य के 12 अलग-अलग स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान शुरू किया. यह पूरी कार्रवाई उस विस्तृत जांच का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य अवैध कोयला खनन के जरिए कमाए गए करोड़ों रुपये के काले धन और उसके अवैध लेन-देन का पर्दाफाश करना है. अधिकारियों के अनुसार, यह जांच मुख्य रूप से अवैध रूप से खनन किए गए कोयले की चोरी, उसके ट्रांसपोर्ट और इस पूरी प्रक्रिया से कमाए गए काले धन को सफेद करने के नेटवर्क पर टिकी है.

## मेटा-व्हाट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें

- जुकरबर्ग के वकील पर भड़के सीजेआई सूर्यकांत
- व्हाट्सएप से एक भी बात इधर-उधर गई तो नहीं छोड़ेंगे




**नई दिल्ली, 03 फरवरी. सुप्रीम कोर्ट में व्हाट्सएप को कड़ी फटकार लगाई है. मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग के वकील पर सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत जमकर बरसे और कहा कि अगर व्हाट्सऐप एक भी बात इधर-उधर गई तो उसे नहीं छोड़ा जाएगा. कोर्ट ने सख्ती से कहा कि मेटा-व्हाट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें.**

सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने अमेरिकी कंपनी व्हाट्सऐप-मेटा से कहा कि आप हमारे देश की प्राइवेसी के साथ खेल नहीं सकते. हम आपको हमारे डेटा का सिंगल डिजिट भी इधर-उधर करने की अनुमति नहीं देंगे. सुप्रीम कोर्ट में सरकार की ओर से तुषार मेहता तो व्हाट्सऐप-मेटा की ओर से मुकुर रोहतगी पेश हुए थे.

मामले की सुनवाई के दौरान व्हाट्सऐप-फेसबुक-मेटा की ओर से पेश वकील मुकुर रोहतगी ने दलील दी कि सीसीआई की ओर से लगाया गया जुर्माना पूरा जमा कर दिया गया है, हालांकि यह अपील के अधीन है. मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले की सुनवाई के दौरान व्हाट्सएप की प्राइवेसी पॉलिसी पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि यह बहुत चालाकी से इस तरह तैयार की गई है कि आम यूजर भ्रमित हो जाए.

**दावा** | मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्रकार वार्ता में गिनाए केंद्रीय बजट के फायदे

## मध्यप्रदेश में बेरोजगारी दर देश में सबसे कम



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दावा किया है कि मप्र में बेरोजगारी दर देश के किसी भी दूसरे राज्य के मुकाबले सबसे कम है. मप्र में महज एक से डेढ़ फीसदी ही बेरोजगारी दर है.**

यह बात उन्होंने मंगलवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कही. इस दौरान उन्होंने केंद्रीय बजट के फायदे गिनाए और दावा कि इस बजट से मप्र को विकास की नई दिशा मिलेगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी राजनीतिक दल चाहते हैं कि वे जब सरकार में रहें तो लोकलुभावन बजट पेश करें, लेकिन देश को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए दूरगामी बजट पेश करना केवल कलेजे का काम है, यह काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने किया है. उन्होंने कहा कि इस बजट का परिणाम अभी से ही दिखने लगा है. आने वाले दिनों में भी इसके नतीजे देखने मिलेंगे. मोदीजी और निर्मला सीतारमन ने ऐसा बजट पेश किया है कि उसका परिणाम आने वाले दिनों में वैश्विक घटना से पता चल जाएगा. एक तरफ पाकिस्तान है, जिसकी आर्थिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है, जिसके प्रधानमंत्री और मुनीर दुनिया के सामने कटोरा लेकर भीख मांग रहे हैं और वे कहते हैं कि उन्हें कर्ज मांगने में शर्म भी आती है, वहीं दूसरी तरफ भारत है जो बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन रहा है. मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट मप्र के लिए केवल एक नीति दस्तावेज नहीं बल्कि राज्य के आर्थिक, औद्योगिक और सामालिक विकास का एक ऐतिहासिक अवसर है.

(शेष पेज 7 पर)

### ट्रेड डील मेक इन इंडिया को देगी नई गति : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है. भारत-अमेरिका के बीच हुई नई ट्रेड डील अभिनंदनीय है. यह ट्रेड डील, मेक इन इंडिया को नई गति देगी. इससे देश को प्रगति के नए अवसर प्राप्त होंगे. यह डील भारत के सशक्त नेतृत्व और विकास में साझा विश्वास को दर्शाता है.

## ओवरब्रिज से अनियंत्रित हाईवा गिरने से दो की मौत



**जबलपुर, 03 फरवरी. जबलपुर-भोपाल मार्ग के शहपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ. ओवरब्रिज के पास हाईवा अचानक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया और उसके नीचे से एक कार व एक बाइक गुजर रहे थे. हादसे में हाईवा चालक और बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि कार में सवार चार लोग घायल हो गए.**

हाईवा क्रमांक एचके 74 बी 2280 का चालक अंकित मलिक (31) हरियाणा का निवासी था. वह डस्ट लेकर भोपाल जा रहा था. हादसे के समय हाईवा की चपेट में भोपाल से रीवा जा रही कार (एमपी 04 वॉयके 9547) और एक बाइक आ गई. कार चालक और बाइक चालक हाईवा के नीचे दब गए. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. क्रेन की मदद से हाईवा हटाने के बाद घायल और मृतकों को बाहर निकाला गया. पाटन एसडीओपी लोकेश डाबर ने बताया कि हादसे में हाईवा चालक अंकित मलिक और बाइक चालक बलराम अवस्थी (64) की मौत हुई.